प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 21.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, रांची पुलिस मुख्यालय में आज माओवादियों का एक बड़ा समूह करेगा आत्मसमर्पण।**

2. **राज्य सरकार का सड़क निर्माण में देरी पर सख्त रुख, ग्रामीण विकास मंत्री ने दिए रेट रिवीजन खेल की जांच और लापरवाह ठीकेदारों को डिबार करने के आदेश।**

3. **राज्य सरकार और एक्सएलआरआई जमशेदपुर के बीच राज्य में स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना के लिए एमओयू, नए उद्यमियों को मिलेगी सीड फंडिंग और विश्वस्तरीय मेंटरशिप।**

4. **राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी; पलामू में पारा 43.4 डिग्री के पार, आज रांची समेत कई जिलों में बूंदाबांदी के आसार।**

5. **इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज शाम जमशेदपुर एफसी और ओडिशा एफसी के बीच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा खिताबी जंग का अंतिम लीग मुकाबला।**

****

राज्य में उग्रवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों को अब तक की सबसे बड़ी कामयाबी मिली है। कोल्हान के सारंडा जंगलों में सक्रिय नक्सलियों के एक बड़े समूह ने हथियार डाल दिए हैं। विस्तृत जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।

****

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सड़क निर्माण में देरी पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने लापरवाह ठेकेदारों को डिबार करने और रेट रिवीजन के लिए जानबूझकर काम लटकाने वालों की जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने गुणवत्ता से समझौता न करने और विधायकों की शिकायतों पर तुरंत जमीनी कार्रवाई का निर्देश दिया।

****

रांची में आज और कल कुलपति सम्मेलन–2026 का आयोजन किया जायेगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में राज्य के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन आज राज्यपाल–सह–कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार करेंगे, जबकि कल समापन सत्र में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शामिल होंगे।

****

रांची में आयोजित सीएसआर कॉनक्लेव 2026 में उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि कंपनियां सीएसआर राशि का उपयोग फैक्ट्री और माइंस प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के कल्याण के लिए करें। उन्होंने इसकी निगरानी के लिए एक विशेष सेल बनाने की भी घोषणा की।

बैठक में यूनिसेफ, टाटा फाउंडेशन और सीसीएल के प्रतिनिधि शामिल हुए।

****

राज्य सरकार और एक्सएलआरआई जमशेदपुर के बीच राज्य में स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना तथा वन–आधारित और सर्कुलर इकॉनमी के अवसरों के अध्ययन के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने बताया कि यह पहल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की सोच के अनुरूप है।इस अवसर पर प्रधान सचिव अबूबक्कर सिद्दीकी और जीआईआईडीसीओ के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

****

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आज रांची में मीडिया कर्मियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार विस्तृत जानकारी साझा करेंगे।

****

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से आगामी 23 मई को सभी मतदान केंद्रों पर अन–मैप्ड इलेक्टर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। मतदाता सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अपने बूथ पर जाकर नाम की जांच कर सकेंगे।

****

उधर, सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और जिला प्रशासन के सहयोग से जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में एक विशेष मतदाता और आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। चेंबर अध्यक्ष मानव केडिया ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों और आम नागरिकों को चुनावी व पहचान दस्तावेजों से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था।

****

सीबीआई की धनबाद टीम ने सीजीएसटी के गिरिडीह कार्यालय में पंद्रह घंटे लंबी छापेमारी की है। टीम ने इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले को सुलझाने के एवज में रिश्वत लेते सुप्रीटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए धनबाद ले जाया गया है।

****

राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जहां कल पलामू 43.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। रांची समेत 16 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार आज पांच जिलों को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा और गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

****

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज जमशेदपुर एफसी जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ओडिशा एफसी के खिलाफ अपना अंतिम लीग मुकाबला खेलेगी। लीग टाइटल की दौड़ में बने रहने के लिए जमशेदपुर एफसी को यह मैच हर हाल में जीतना होगा। टीम फिलहाल 12 मैचों में 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। यह मुकाबला आज शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

<u>************************</u>**

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं के उद्घाटन की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने केन्द्रीय मंत्री राम मोहन नायडु के हवाले से लिखा है– राज्य में चार–पांच एयरपोर्ट बनाने की तैयारी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– आज सबसे बड़ा सरेंडर, 25 नक्सली डालेंगे हथियार।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड भीषण गर्मी की चपेट में।

दैनिक जागरण लिखता है– सात ट्रेनों में स्थायी रुप से बढ़ेंगे 20 अतिरिक्त कोच, दो और कतार में।

<u>******समाप्त*****************</u>**